# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :............................................/सम्ब. अनु./2018

दिनांक :. ...............................................................

## कार्यालय–ज्ञाप

**प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,**
विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

सूच्य है कि भारत सरकार तथा उ0प्र0 सरकार की योजना ''स्वच्छ भारत मिशन'' के कार्यान्वयन के लिए सहयुक्त महाविद्यालयों की एक आवश्यक बैठक मा0 कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 24.01.2019 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के (ओल्ड कैम्पस) मालवीय सभागार में आहूत की गई थी। किन्तु उक्त बैठक में अधिकांश सहयुक्त महाविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। स्वच्छ भारत योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। शहर तथा स्वयं के आस–पास के परिवेश को स्वयं स्वच्छ रखने तथा अन्यों को भी स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित करना व्यक्तिगत रूप से हम सभी का दायित्व है। संस्थाएं इस मिशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने में सक्षम हैं। परन्तु बैठक में अत्यल्प संख्या में संस्थाओं की सहभागिता स्वच्छता कार्यक्रम के प्रति उनकी प्रथम दृष्टया उदासीनता का द्योतक है। माननीय कुलपति जी ने उक्त स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए खेद व्यक्त किया है।

अतः समस्त सम्बन्धित से अनुरोध है कि उक्त से अवगत होने एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, इस प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(रणजीत यादव)
उप कुलसचिव (सम्ब.)
कृते कुलसचिव

संख्या : AF-2351-55 दिनांक : 01-2-19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
4. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न सूची में उल्लिखित महाविद्यालयों को छोड़कर अन्य सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

(रणजीत यादव)
उप कुलसचिव (सम्ब.)